Title: Need to resume plying of Mahanadi Express on Betul-Nagpur-Bilaspur route. – Laid.

श्री विजय कुमार खंडेलवाल (बेतूल) : अध्यक्ष महोदय, भोपाल से छत्तीसगढ़ राज्य के लिये (बिलासपुर एवं दुर्ग के लिये) प्रतिदिन ट्रेन चलती है। एक ही समय पर चलने वाली ट्रेन सप्ताह के तीन दिन सोमवार, बुधवार, शनिवार को भोपाल से 8226 महानदी एक्सप्रेस के नाम से भोपाल-इटारसी-बैतूल-नागपुर-रायपुर होते हुये बिलासपुर तक जाती है तथा सप्ताह के अन्य चार दिन मंगलवार, गुरूवार, शुक्रवार एवं रविवार को 8254 अमरकंटक एक्सप्रेस के नाम से भोपाल-इटारसी-जबलपुर-कटनी-बिलासपुर होते हुऐ दुर्ग तक आती है तथा इसी प्रकार सप्ताह के तीन दिन महानदी तथा चार दिन अमरकंटक एक्सप्रेस के नाम से भोपाल पहुंचती है।

किंतु, 15/16 जुलाई से महानदी के नाम से सप्ताह के तीन दिनों में बैतूल-नागपुर-रायपुर होकर चलने वाली ट्रेन बंद कर अमरकंटक एक्सप्रेस के नाम से सप्ताह के चार दिनों में इटारसी-जबलपुर-कटनी-बिलासपुर-दुर्ग चलने वाली ट्रेन को सप्ताह के सातों दिन चलाया जा रहा है। 8225/8226 महानदी एक्सप्रेस के बंद कर देने से भोपाल से इटारसी-बैतूल-नागपुर-गोंदिया-राजनांदगांव-दुर्ग-रायपुर होकर बिलासपुर जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महानदी एक्सप्रेस तीन राज्यों को मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ को जोडने वाली प्रमुख ट्रेन थी तथा काफी बड़ी संख्या में इस ट्रेन पर लोग आश्रित थे, महानदी एक्सप्रेस से आय भी बहुत अच्छी मिल रही थी। अब इस मार्ग के यात्रियों को बहुत अधिक तकलीफ हो रही है तथा लोगों में काफी आक्रोश भी है एवं जगह जगह प्रदर्शन हो रहे हैं।

अतः जनहित में महानदी एक्सप्रेस को, जो सप्ताह के तीन दिनों में बैतूल-नागपुर-राजनांदगांव-दुर्ग होते हुये बिलासपुर चलती थी तथा सप्ताह के तीन दिनों में बिलासपुर से इसी मार्ग से भोपाल पहुंचती थी, को पुनः चालू किया जाये।